प्रेस नोट
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक- 16.04.2026

जनपद शाहजहाँपुर के नगर एवं सदर सर्किल क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकरों को हटवाने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत की गयी व्यापक कार्यवाही, 239 धार्मिक स्थलों को चेक कर 40 लाउडस्पीकरों को हटवाया गया।

आज दिनांक 16.04.2026 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर/सदर के नेतृत्व में जनपद के नगर एवं सदर सर्किल के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर मानक से अधिक लगाए गए लाउडस्पीकरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की गई।

अभियान के अंतर्गत समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक भ्रमण कर धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा उच्चतम न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। **इस दौरान कुल 239 धार्मिक स्थलों** की चेकिंग की गई, जिनमें मानक से अधिक पाए जाने पर **40 लाउडस्पीकरों** को संबंधित प्रबंधकों/व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर स्वेच्छा से उतरवाया गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए भविष्य में निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि समस्त धार्मिक स्थलों पर शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय नागरिकों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया, जिससे अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, जिससे जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

लाउडस्पीकरों को हटवाए जाने का थानावार विवरण निम्नवत है -

नगर सर्किल

क्र0सं0	थाना	चैक किए गए धार्मिक स्थल	हटवाए गए लाउडस्पीकर की संख्या
1.	कोतवाली	53	04
2	सदर बाजार	106	04
3	रामचन्द्र मिशन	30	03

सदर सर्किल

क्र0सं0	थाना	चैक किए गए धार्मिक स्थल	हटवाए गए लाउडस्पीकर की संख्या
1	रोजा	15	12
2	कांट	18	10
3	मदनापुर	05	02
4	सेहरामऊ दक्षिणी	05	03
5	निगोही	07	02

इस प्रकार जनपदीय पुलिस द्वारा मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकरों को हटवाने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 40 लाउडस्पीकर हटवाए गए हैं। श्रीमान पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर के निर्देशन में जनपद में मानक से अधिक लगाए गए लाउडस्पीकरों के विरुद्ध अभियान सतत रूप से जारी है।